श्रीबाणभट्टात्मजश्रीभूषणभट्टप्रणीता

कादम्बरी

(उत्तरार्द्ध)

संस्कृत व्याख्या, टिप्पणी हिन्दी अनुवाद, एवं भूमिका सहित

आचार्य मोहनदेव पन्त

मोतीलाल बनारसीदास
दिल्ली वाराणसी पटना मद्रास

कादम्बरी

उत्तरभागः

महाकविश्रीबाणभट्टात्मजश्रीभूषणभट्टविरचितः

संस्कृतटीका-टिप्पणी-भूमिका-हिन्दीभाषानुवादोपेतश्च

टीकाटिप्पणीकारो हिन्दीभाषानुवादकश्च

श्री मोहनदेवपन्तः

अम्बालास्कन्धावारस्थ-दीवान कृष्णकिशोर-
सनातनधर्म-संस्कृत-महाविद्यालयस्य
सेवानिवृत्तप्रधानाचार्यः

मोतीलाल बनारसीदास

दिल्ली : वाराणसी : पटना

मुख्य कार्यालय : बंगलो रोड, जवाहर नगर, दिल्ली ११० ००७
शाखाएं : चौक, वाराणसी २२१ ००१
अशोक राजपथ, पटना ८०० ००४

प्रथम संस्करण : वाराणसी १९७७
मूल्य : अजिल्द
सजिल्द

श्रीसुन्दरलाल जैन, मोतीलाल बनारसीदास, चौक, वाराणसी–१ द्वारा प्रकाशित तथा श्रीसोमारूराम भगत, गौरीशङ्कर प्रेस, मध्यमेश्वर, वाराणसी–१ द्वारा मुद्रित ।

दो शब्द

संस्कृत भाषा से परिचित सभी जानते हैं कि बाण संस्कृत के गद्य-सम्राट् हैं। इनके **'हर्षचरित'** और **'कादम्बरी'** संस्कृत साहित्य के दो रत्न-ग्रन्थ हैं किन्तु बाण **'कादम्बरी'** को अधूरा ही छोड़कर काल-कवलित हो गये थे, जिसकी पूर्ति बाद को उनके पुत्र ने की। भारत में ऐसा कोई विश्वविद्यालय नहीं होगा, जहाँ न्यूनाधिक रूप में **कादम्बरी** पाठ्य-क्रम में नियत न हो। बाण-कृत पूर्व भाग का अधिक प्रचार होने के कारण इस पर कितनी ही टीकायें हो चुकी हैं। सब से सरल, विस्तृत और छात्रोपयोगी टीका श्रीभानुचन्द्र गणि की है, जिसको लेकर कादम्बरी का सम्पादन मैंने कर ही रखा है। उत्तर भाग की टीका श्रीभानुचन्द्र गणि की टीका के ही सदृश उनके पट्ट शिष्य श्रीसिद्धचन्द्र गणि ने कर रखी है, लेकिन वह आजकल दुर्लभ है। इसी कारण श्रीमोतीलाल बनारसीदास वालों के अनुरोध पर मैंने सोचा कि मैं श्रीभानुचन्द्र की टीका से और अधिक सरल, छात्रोपयोगी टीका उत्तर भाग पर लिखूँ। तदनुसार मैंने यह 'छात्रतोषिणी' टीका लिखी है। इसको लिखने बैठे मुझे मूलपाठ के लिये चौखम्भा वालों की आचार्य श्रीरामचन्द्र मिश्र द्वारा संपादित और टीकित प्रति ही मिली। मुख्यतः मूलपाठ मैंने इसी पुस्तक का अपनाया है, किन्तु इसमें मुझे पाठों के सम्बन्ध में कितनी ही विसंगतियाँ और मुद्रण-त्रुटियाँ भी दिखाई पड़ीं, जिनका मैं—जैसे मुझे उचित लगा—संशोधन करता चला गया। जब मैं आधे से अधिक भाग की टीका कर चुका, तो एक दिन अचानक मुझे अपने एक पुराने शिष्य के पास से श्रीसिद्धचन्द्र गणि की टीका मिल गई। बाद को पाठ संशोधन तथा व्याख्या हेतु उससे मुझे बड़ी सहायता मिली। श्रीसिद्धचन्द्र टीका में ठीक अपने गुरु के पद-चिह्नों पर चले हैं और मैंने पाया कि मेरी टीका उससे भी और अधिक सरल और छात्रोपयोगी बन रही है। अपनी अन्य **'छात्रतोषिणियों'** की तरह इसे भी मैंने सरल से सरल बनाने का पूरा प्रयत्न किया है।

प्रस्तुत टीका में बिना विग्रह किये मैंने कोई भी समस्त पद नहीं छोड़ा है। साथ ही प्रत्येक शब्द का पर्यायवाची भी दे दिया है। जहाँ अर्थ समझने में कुछ कठिनाई प्रतीत हुई, वहाँ भावार्थ दे दिया है और कहीं-कहीं टिप्पणियाँ कर दी हैं। अलंकारों का भी पूरा स्पष्टीकरण कर रखा है। सन्धि के सम्बन्ध में मैंने **'वाक्ये सा विवक्षामपेक्षते'** इस व्याकरण-नियम के अनुसार छात्रों के स्पष्ट बोध हेतु कहीं की है, कहीं नहीं भी की है। आरम्भ में एक विस्तृत भूमिका भी लिख दी है, जिसमें बाण-पुत्र के विषय में यथासंभव जानकारी दे दी है, साथ ही उनके उत्तर भाग की पूरी विवेचना भी कर दी है। ग्रन्थ के अन्त में उनके सुभाषितों का एक लघु **परिशिष्ट** भी जोड़ दिया है।

जहाँ तक हिन्दी अनुवाद का प्रश्न है, अपने 'हर्षचरित' आदि के अनुवादों की तरह मैंने यहाँ भी—जैसा कि अनुवाद का नियम है—शाब्दिक ही रखा है। न कोई शब्द छोड़ा, न जोड़ा। वाक्य भी उसी प्रकार रखे हैं जैसे मूल-संस्कृत में हैं यद्यपि कहीं-कहीं मैंने लंबे-लंबे बहुव्रीहियों के विशेषणात्मक उपवाक्य अवश्य बनाये हैं जो सभी बहुव्रीहियों में स्वभावतः निगूढ़ रहते ही हैं। कहीं-कहीं लंबी-लंबी 'सत्सप्तमियों' के भी मैंने साधारण वाक्य बनाये हैं। मैंने

देखा है कि अधिकतर अनुवादकों ने मूल में चल रहे दीर्घ-दीर्घ वाक्यों का कुछ शब्द छोड़कर और कुछ अपनी ओर से जोड़कर छोटे-छोटे वाक्य बना रखे हैं। श्लिष्ट स्थलों में उन्होंने एक ही अर्थ लिया, दूसरा छोड़ दिया। ऐसे अनुवादों में एक दोष तो यह है कि बेचारा कोमल-मति छात्र अनुवाद का मूल-संस्कृत से सम्बन्ध जोड़ने में रह जाता है, दूसरे उसमें संस्कृत की आत्मा नष्ट हो जाती है और तीसरे, वह यह जानने से भी वञ्चित रह जाता है कि संस्कृत भाषा अपने भीतर कितनी बड़ी समास-शक्ति और समाहार-शक्ति सँजोये रहती है। अनुवाद की हिन्दी भी मैंने उन लोगों की तरह 'संस्कृतनुमा' एवं 'पण्डिताऊ' नहीं बनाई, बल्कि बोल-चाल की रखी है।

मुझे इस ग्रन्थ के लिखने में आचार्य श्रीरामचन्द्र मिश्र तथा श्रीसिद्धचन्द्र गणि की टीकाओं से बड़ी सहायता मिली है, तदर्थ मैं उनका आभारी हूँ। मैं श्रीमोतीलाल बनारसीदास वालों का भी कृतज्ञ हूँ, जिन्होंने मुझे लिखने की प्रेरणा दी है और ग्रन्थ का प्रकाशन भी किया है। दूर रहने के कारण मुझे प्रूफ देखने की सुविधा नहीं रही, इसलिए इसमें यदि कुछ मुद्रण की अशुद्धियाँ रह गई हों, तो कृपालु पाठक मुझे क्षमा करेंगे।

देहरादून
शिवरात्रि २८-२-७६

—मोहनदेव पन्त

भूमिका

भूषणभट्ट—

संस्कृत वाङ्मय में कादम्बरी गद्य-काव्य की चूड़ान्त रचना है—इस पर दो मत नहीं हो सकते। इसकी कृतित्व का श्रेय—अपने ही ढंग से—दो व्यक्तियों—पिता-पुत्रों–को है। पिता हैं बाणभट्ट और पुत्र हैं भूषणभट्ट अथवा पुलिनभट्ट। पिता ने तो पूर्व भाग तथा **'हर्षचरित'** में अपने व्यक्तिगत जीवन के सम्बन्ध में बहुत कुछ विवरण दे रखा है, लेकिन उनके पुत्र भूषणभट्ट का जीवन-वृत्त अब तक अन्धकार के गर्त में ही पड़ा हुआ है। यहाँ तक कि उन्होंने अपना नाम तक नहीं बताया कि क्या है। ग्रन्थारम्भ में केवल **"तान्येव तस्य तनयेन तु संहृतानि'** लिखकर वे सन्तोष कर बैठे। पिता भी तो अपने ऐसे सुयोग्य पुत्र के नाम पर चुप्पी साधे हुए हैं। धनपाल (१००० ई०) ने अपनी **'तिलकमञ्जरी'** में दोनों पिता-पुत्रों का अपनी संयुक्त श्रद्धाञ्जलि में इस प्रकार स्मरण कर रखा है :—

> **'केवलोऽपि स्फुरन् बाणः करोति विमदान् कवीन्।**
> **किं पुनः क्लृप्तसन्धान-पुलिन्दकृतसन्निधिः॥**

उक्त श्लोक में कवि ने श्लेष की चमत्कारक भाषा में बाण (कवि) पर बाण (शर) का और पुलिन्द (बाणपुत्र) पर पुलिन्द (शबर) का आरोप कर रखा है अर्थात् केवल बाण ही नहीं, प्रत्युत बाण साधे पुलिन्द भी सामने हैं, तो बेचारे कवि-हरिणों की खैर कहाँ ? इस उल्लेख से यह सिद्ध होता है कि बाण के पुत्र का नाम पुलिन्द था, किन्तु पुलिन्द एक म्लेच्छ जाति है, इसलिए उसके नाम से एक उच्चजातीय ब्राह्मण तथा महाकवि का नाम होना हमारे विचार से सर्वथा असंगत है। प्रो० भण्डारकर की गवेषणानुसार उसका नाम पुलिनभट्ट था, जो जँचता भी है। हमारे विचार से धनपाल ने श्लेष-संगति बिठाने हेतु ही पुलिन को पुलिन्द कर दिया होगा जैसे कि श्लेष में साधारणतः हुआ ही करता है। किन्तु पाश्चात्य मनीषी डा० बुह्लर ने अपने नये अनुसन्धान से यह सिद्ध कर दिया है कि बाण के पुत्र का असली नाम भूषणभट्ट है और यही नाम अब संस्कृत-जगत् में आम प्रचलित भी हो गया है।

भूषणभट्ट का देश-काल—

बाण ने अपने आत्म-कथ्य में अपना जन्म-स्थान बिहार में शोणनद के तीर पर स्थित **'प्रीतिकूट'** बता रखा है। ब्राह्मणों की बस्ती होने के कारण उसे **'ब्राह्मणाधिवास'** भी कहा करते थे। बाण बाद को सम्राट् हर्षवर्धन की राजसभा के मुख्य कवि बनकर कन्नौज चले आए और वहीं रहने भी लग गये थे। भूषणभट्ट का जन्मस्थान प्रीतिकूट या कन्नौज–इन दोनों में से कोई एक हो सकता है। बाण इस सम्बन्ध में भी मौन हैं।

जहाँ तक भूषणभट्ट के स्थिति-काल का सम्बन्ध है, वह तो ऐतिहासिक दृष्टि से सर्वथा निश्चित ही है। बाण ने अपने आश्रयदाता सम्राट् हर्षवर्धन का जीवन-वृत्तान्त अपने 'हर्ष-चरित' में दे रखा है। हर्षवर्धन एक ऐतिहासिक व्यक्ति हैं, जो गुप्त राजवंश के पतन के बाद भारत के शासनक्षेत्र में उतरे। इतिहासानुसार हर्षवर्धन का शासन-काल ६००-६४८ तक रहा। इस तरह इन दोनों पिता-पुत्रों का स्थिति-काल—कुछ वर्षों के अन्तर से—छठी शताब्दी का उत्तरार्ध और सातवीं शताब्दी का पूर्वार्ध ठहरता है। वैसे भी साहित्य-शास्त्री वामनाचार्य (७५०-८००) द्वारा अपनी **'काव्यालंकारसूत्रवृत्तिः'** में कादम्बरी का उल्लेख तथा उससे लिये हुए उद्धरण भी कवि-युगल का उक्त समय ही सिद्ध करते हैं।

भूषणभट्ट का व्यक्तित्व—

हम कह आए हैं कि भूषणभट्ट—अपने पिता के ठीक विपरीत—अपनी लेखनी से अपने व्यक्तिगत वृत्तान्त के विषय में विलकुल मौन हैं। उनके ग्रन्थ से ही उनके सम्बन्ध में कुछ थोड़े से निष्कर्ष निकालें जा सकते हैं। पिता की तरह ये भी व्यक्तित्व के धनी थे। मालूम पड़ता है कि ये भी शैव रहे होंगे। हो सकता है कि इनकी कुल-परम्परा ही शैव सम्प्रदाय की हो। तभी तो पिता की तरह इन्होंने भी शिव-स्तुति के रूप में ग्रन्थ का मङ्गलाचरण किया है यद्यपि इनके शिव स्वतन्त्र शिव न होकर 'अर्धनारीश्वर' रूप में हैं। पिता की तरह इनमें भी विलक्षण प्रतिभा और प्रखर पाण्डित्य का व्यक्तित्व था। ये भी सभी शास्त्रों और कलाओं में निष्णात थे। इन्हें भी वेद, पुराण, धर्मशास्त्र, ज्योतिष और राजनीति का अच्छा ज्ञान था। साहित्य-कला और मानव-मनोविज्ञान के भी ये मर्मज्ञ थे। इन्हें रासायनिक प्रक्रिया भी आती थी, जिससे द्रव्य का प्रभाव कुछ से कुछ हो जाता है। स्वभाव में भूषण बड़े निरभिमानी लगते हैं। दर्प तो इन्हें छू तक न पाया। यह बात उनके इस उपोद्धात-श्लोक से सिद्ध हो जाती है :—

'दुःखं सतां यदसमाप्तिकृतं विलोक्य
प्रारब्ध एव स मया न कवित्व-दर्पात्।

इनकी इस निरभिमानिता का यह फल हैं कि ये अपने व्यक्तिगत जीवन के सम्बन्ध में मूक ही रहे, कुछ भी न लिख पाए। यदि इन्हें कवित्व-दर्प होता तो कादम्बरी के उत्तरभाग के अतिरिक्त कुछ और भी लिखकर कवि-हृदयों में अपनी और अधिक धाक जमाते। उत्तरभाग भी इन्होंने विवश होकर ही लिखा मालूम पड़ता है। तदर्थ ये पिता के प्रति कर्तव्यवद्ध थे। संस्कृत-विद्वानों में प्राचीनकाल से यह किंवदन्ती चली आ रही है कि बाणभट्ट जव कादम्बरी लिखते चले जा रहे थे तो इसी बीच उन्हें कृतान्त का क्रूर कर अपनी ओर आगे बढ़ता हुआ दिखाई पड़ने लगा। वेचारे बड़े दुःखी हुए कि मेरी यह कथा अधूरी ही छूटी जा रही है। मृत्यु-शय्या पर लेटे इनके प्राण शान्ति से नहीं निकल रहे थे। पिता की अन्तर्व्यथा को पुत्र भाँप गए। आश्वासन दिलाया कि उनकी कृति अधूरी नहीं रहने दी जाएगी, किन्तु मुमूर्षु पिता को विश्वास ही नहीं हो रहा था। उसने एतदर्थ पुत्रों[1] की योग्यता देखनी चाही। घर के आँगन में एक सूखा वृक्ष खड़ा था। पिता ने अपने बड़े पुत्र से उसका वर्णन करने को कहा, तो वह झट वर्णन कर बैठा—**'शुष्को वृक्षस्तिष्ठत्यग्रे'**। शुष्क वृक्ष की तरह पुत्र की भाषा को भी शुष्क देखकर बाण के प्राण भी शुष्क होने लगे। इतने में झट छोटा पुत्र भूषणभट्ट वर्णन कर बैठा—**'नीरस-तरुरिह विलसति पुरतः'**। सुनते ही मरणासन्न पिता के नीरस प्राणों में आशा की सरसता आ गयी। इस आशा के साथ कि इसके हाथों मेरी अधूरी छूटी कथा अवश्य पूरी हो जायगी, शान्ति के साथ प्राण त्याग दिये।

पिता की अधूरी लिखी कहानी को देखकर उनके पुत्र भूषणभट्ट ही क्या बल्कि समस्त संस्कृत-जगत् को बड़ा दुःख हो रहा था। योग्य पिता के योग्य पुत्र ने तत्काल कथा-प्रबन्ध पूरा करना अरम्भ कर दिया :—

"याते दिवं पितरि तद्वचसैव सार्धं
विच्छेदमाप भुवि यस्तु कथाप्रबन्धः।
दुखं सतां यदसमाप्तिकृतं विलोक्य
प्रारब्ध एव स मया न कवित्व-दर्पात्॥"

---

१. बाण के अन्य पुत्रों का अभी पता नहीं चला है।

कथा और आख्यायिका —

पिता-पुत्र की सम्मिलित कृति **कादम्बरी** पर विवेचन करने से पूर्व यह उचित होगा कि हम संक्षेपतः यह विचार कर लें कि यह गद्य-काव्य के किस भेद के अन्तर्गत है। साहित्य-शास्त्रियों ने गद्य-काव्य के दो भेद माने हैं—**आख्यायिका** और **कथा**। इन दोनों के मध्य इनके स्वरूप, संविधान और प्रतिपादन-शैली का जो भेद साहित्यिकों ने बताया है, उसे दण्डी ने संक्षेप में इस तरह स्पष्ट किया है, यद्यपि वे स्वयं इससे सहमत नहीं हैं—(१) **आख्यायिका** में सारी कहानी स्वयं नायक ही कहता है जबकि **कथा** में कहानी या तो नायक कहता है या कोई अन्य (२) **आख्यायिका** में कहानी का विभाग **उच्छ्वासों** में होता है और यत्र तत्र **वक्त्र** तथा **अपरवक्त्र** छन्द रहते है जबकि **कथा** में ऐसा नहीं होता। (३) **कथा** में कन्यापहरण, युद्ध, नायक नायिकाओं का वियोग एवं सूर्य और चन्द्रमा के उदयास्तों का वर्णन रहता है, जबकि **आख्यायिका** इनसे रहित होती है। (४) **कथा** में कवि जान-बूझकर कुछ विशेष साभिप्राय शब्दों को प्रयोग में लाता है जो **आख्यायिका** में नहीं होता।

किन्तु दण्डी यह भेद स्वीकार नहीं करते। उनका कहना है कि **कथा** और **आख्यायिका** के मध्य लक्ष्मण रेखा-जैसी कोई खास भेदक सीमा-पंक्ति नहीं खींची जा सकती। यही कारण है कि कवियों ने उक्त भेदक बातों का अनिवार्य-रूप से अपनी कृतियों में पालन नहीं किया। इसलिये **कथा** और **आख्यायिका** दोनों ही गद्य-काव्य के पर्याय-शब्द हैं।

इस सम्बन्ध में अन्यान्य आलोचकों के लंबे-लंबे मत भी उद्धृत करके हम यहाँ विस्तार में नहीं जाना चाहेंगे। सारे विवाद को पढ़कर हम जिस निष्कर्ष पर पहुँचे हैं, वह यह है कि **कथा** और **आख्यायिका** में भेद अवश्य है। दण्डी की तरह हम दोनों को एक ही चीज नहीं मान सकते। भेद की जिन बातों पर सभी साहित्यिक सहमत हैं, वे ये है कि **आख्यायिका** की कथावस्तु ऐतिहासिक होती है जबकि **कथा** की कथावस्तु कल्पना-प्रसूत होती है। **आख्यायिका** का प्रकरण-विभाग उच्छ्वासों में होता है और उसमें कहीं-कहीं **वक्त्र** और **अपरवक्त्र** छन्द भी प्रयुक्त होते हैं जबकि **कथा** में इस तरह का विभाग नहीं रहता और न वक्त्र-अपरवक्त्र ही होते हैं। दूसरे शब्दों में, यों समझ लीजिए कि **आख्यायिका** कवि-भाषा में लिखा एक ऐतिहासिक जीवन वृत्त होता है जिसे अंग्रेजी में नैरेटिव (Narrative) कहते हैं जबकि **कथा** एक निरी कवि-कल्पित रचना होती है जिसे हम नॉवेल (Novel) अर्थात् उपन्यास कहेंगे। **अलंकार-सर्वस्व'** के रचयिता राजानक रुय्यक ने यह बात बिलकुल स्पष्ट कर दी है :--

गद्यं तु कथितं द्वेधा कथेत्याख्यायिकेति च।
कथा कल्पितवृत्तान्ता सत्यार्थाऽऽख्यायिका मता॥

बाण ने भी यही भेद मनमें रखकर अपने श्रीमुख से **कादम्बरी** को **'धिया निबद्धेयमतिद्वयी कथा'** कहकर **कथा** ही माना है और इसका स्वरूप भी स्पष्ट कर दिया है :—

'हरन्ति कं नोज्ज्वलदीपकोपमैर्नवैः पदार्थैरुपपादिताः कथाः।
निरन्तरश्लेषघनाः सुजातयो महास्रजश्चम्पककुड्मलैरिव॥"

कादम्बरी—

'कादम्बरी' सरस्वती के वरद पुत्र बाणभट्ट तथा उनके पुत्र भूषणभट्ट की सम्मिलित अमर रचना है जिसमें उनकी कला अपने ऐसे सशक्त समृद्ध, **'प्रौढ, परिपक्व'** और उर्वर रूप में निखरी है कि कुछ न पूछो ! वास्तव में यह संस्कृत- साहित्य के गद्य-काव्य की एक अनमोल निधि है, रोमानी प्रेम-भावना से ओत-प्रोत एक ऐसा उपन्यास है जिसके सम्बन्ध में संस्कृत का यह आभाणक ही चल पड़ा कि **'कादम्बरीरसज्ञानाम् आहारोऽपि न रोचते'**। **'कादम्बरी'** सचमुच

एक ऐसी 'कादम्बरी' (मदिरा) है जिसके मद में मत्त होकर स्वयं भूषणभट्ट को भी विवश होकर स्वीकार करना पड़ा :—

"कादम्बरी-रसभरेण समस्त एव मत्तो न किञ्चिदपि चेतयते जनोऽयम्"

'हर्षचरित' के आख्यायिका—ऐतिहासिक वृत्तान्त—होने के कारण बाण को अधिकतर पृथ्वी के धरातल से ही चिपका रहना पड़ा है, किन्तु कादम्बरी में ऐसी बात नहीं। यहाँ कलाकार स्वतन्त्र होकर, पार्थिव बन्धनों से उन्मुक्ति पाकर, कल्पना की ऐसी ऊँची उड़ाने भरता है कि वह पृथिवी-लोक से परे दिव्य लोकों तक पहुँच जाता है, द्यु-भू को एकाकार करके मानव को अतिमानव से मिला देता है और आत्मा का शारीरिक आवरण हटाकर दो-दो, तीन-तीन जन्मों के जगतों का हाल हमारे मानस टेलीविजन-पर प्रतिबिम्बित कर देता है ! ऐसी अद्भुत है बाण और भूषण रचित 'कादम्बरी' की रोमानी प्रेम की कहानी—ऐसा रोमानी प्रेम, जो जन्म-जन्मान्तरों तक चलता हुआ तप, त्याग और तितिक्षा से परिपूत होकर भौतिक धरातल से उठकर आध्यात्मिक ऊँचाई पर जा पहुँचता है। भारतीय प्रेम का यही आध्यात्मिक रूप है।

कादम्बरी का सार (पूर्वभाग)—

विदिशा-नरेश शूद्रक की राजसभा में एक बार कोई चण्डाल-कन्या आई और उन्हें वैशम्पायन-नामक एक तोता भेंट कर गई। तोता बड़ा विद्वान् था। उसने मनुष्य-वाणी में आशीर्वाद-श्लोक पढ़कर राजा का अभिनन्दन किया, तो राजा अचम्भित हो उठे। उन्होंने उसे अपना सारा वृत्तान्त सुनाने को कहा। तोता बोला—'महाराज, विन्ध्याटवी में पम्पा सरोवर के पास एक विशाल शाल्मली (सिम्बल) वृक्ष है। उसमें अन्य तोतों के साथ मेरे मां-बाप भी रहते थे। मेरी माँ मुझे जन्म देते ही स्वर्ग सिधार गई थी। वृद्ध पिता ही मुझे पालते रहे। एक दिन क्या हुआ कि बड़े तड़के एक भील आया और वृक्ष पर चढ़ गया। वह घोसलों में से सभी तोतों को मार-मारकर नीचे पटकने लगा। उसने मेरे वृद्ध पिता की भी गर्दन मरोड़ी और नीचे पटक दिया। मैं भी पिता के पंखों में छिपा नीचे वृक्ष के सूखे पत्तों के ढेर पर जा गिरा, इसलिए मरा नहीं। भील नीचे उतरे और सभी मृत तोतों को बटोर ले जाए—इससे पहले ही मैं घिसट-घिसट कर पास ही में एक दूसरे वृक्ष की जड़ पर जा छिपा। प्यास के मारे मेरा दम निकल जा रहा था कि इतने में पम्पासर से स्नान करके लौटते हुए जाबालि ऋषि के पुत्र हारीत ने मेरे मुँह में पानी के कुछ बंद डाले और मुझे अपने पिता के आश्रम में ले आया। ऋषि जाबालि ने मुझे देखा, तो वे हँस पड़े और बोलने लगे कि यह तोते का बच्चा अपनी पूर्व जन्म की करणी का फल भोग रहा है। यह सुनते ही हारीत और सभी ऋषिगण उत्सुक होकर जाबालि से मेरे पूर्व जन्म की कहानी सुनाने का अनुरोध कर बैठे। ऋषि कहने लगे:—

उज्जयिनी नाम की एक नगरी है। वहाँ तारापीड़ नामक राजा राज्य करता था। उसकी रानी का नाम विलासवती और मंत्री का नाम शुकनास था। बड़ी देर के बाद राजा का चन्द्रापीड़ नामक पुत्र हुआ। संयोग-वश उसी दिन शुकनास के यहाँ भी वैशम्पायन नाम का पुत्र हुआ। वे दोनों बड़े मित्र बन गए। पढ़-लिखकर जब चन्द्रापीड़ युवा हुआ, तो राजा ने उसका यौवराज्याभिषेक करना चाहा। युवराज बनने से पूर्व शुकनास ने चन्द्रापीड़ को बड़ा महत्त्वपूर्ण उपदेश दिया और ज्ञान की बड़ी-बड़ी बातें कहीं। अभिषेक के बाद चन्द्रापीड़ इन्द्रायुध नामक घोड़े पर सवार होकर अपने मित्र वैशम्पायन तथा सेना को साथ लेकर दिग्विजय हेतु चल पड़ा। अपने शौर्य से एक-एक करके सभी राजाओं को जीतता हुआ वह उत्तर दिशा की ओर किरातों की भूमि में जा पहुँचा। वहाँ सेना को विश्राम का आदेश देकर एक दिन स्वयं अकेला वन-भ्रमणार्थ निकल पड़ा, तो उसे एक किन्नर-युगल दिखाई दिया जिसे ग्रहण हेतु उसने अपना घोड़ा छोड़ दिया। वह उसे पकड़ने से तो रहा, घोड़ा और स्वयं भी

थककर चूर हो गया। विश्राम के लिए किसी जलाशय को ढूँढ़ ही रहा था कि उसे पास में ही अच्छोद नाम का एक सरोवर दिखाई दिया। वहाँ पहुँचते ही राजकुमार को दूर से आ रही मधुर गति-ध्वनि सुनाई पड़ी। आगे जाकर क्या देखता है कि सरोवर के तीर पर एक शिव मन्दिर है, जहाँ एक अत्यन्त श्वेत वर्ण वाली तरुणी भक्ति-लीन हो जा रही है, साथ में रो भी रही है। उत्सुक हो चन्द्रापीड़ उसे पूछ ही बैठा कि 'देवी, क्या बात है? क्यों रोती हो?' तरुणी (महाश्वेता) अपनी कहानी सुनाने लगी :—

"भैया, यहाँ गन्धर्व लोग रहा करते हैं। मैं गन्धर्वराज हंस की इकलौती कन्या हूँ। एक दिन अपनी सहेली के साथ यहाँ अच्छोद सर में स्नान हेतु आई हुई थी कि क्या देखती हूँ कि एक सुन्दर युवक अपने मित्र के साथ आया हुआ है। देखते ही मैं उस पर मोहित हो गई। वह भी मुझ पर आसक्त हो गया। मित्र को पूछने पर पता चला कि वह युवक ऋषिकुमार पुण्डरीक है। मैं घर आई, पर चैन कहाँ? रात काटनी कठिन हो गई! उसी समय अपनी सखी तरलिका को साथ लिया और अभिसारिका बनकर प्रियतम को मिलने चल पड़ी, किन्तु उसे वहाँ नहीं पाया और उसके मित्र कपिञ्जल को रोते देखा। पूछा, तो पता चला कि पुण्डरीक काम-वेदना न सह सकने के कारण रात में ही दम तोड़ बैठा था। सुनते ही मैं वज्राहत जैसी हो गई और खूब रोयी-पीटी। अन्त में चिता बनाकर सती होने जा रही थी कि इतने में सहसा चन्द्रमण्डल से एक विशालकाय पुरुष नीचे उतरा और पुण्डरीक की मृत देह उठाकर ऊपर ले जाते हुए उसने मुझे संबोधित किया—'महाश्वेता, प्राण मत त्यागो। तुम्हारा अपने प्रियतम से पुनर्मिलन हो जायगा'। कपिञ्जल भी अपने सखा के मृतशरीर के पीछे-पीछे उस महापुरुष के साथ आकाश में उड़ गया। तब से मैं सब कुछ छोड़-छोड़ प्रिय के पुनर्मिलन की आशा में यहाँ तापसी का जीवन बिता रही हूँ। यही मेरी करुण कहानी है।"

चन्द्रापीड़ ने जब उसकी सखी तरलिका के सम्बन्ध में पूछा कि वह कहाँ है, तो महाश्वेता बोली—'उसे मैंने अपनी अभिन्न-हृदया सखी कादम्बरी को समझाने-बुझाने भेज रखा है। कादम्बरी गन्धर्वराज चित्ररथ की पुत्री है। मेरी करुण दशा देखकर उसने तब तक अपना विवाह न करने की प्रतिज्ञा कर रखी है जब तक कि मेरा अपने प्रियतम से पुनर्मिलन नहीं हो हो जाता है'। इसी बीच कादम्बरी का भृत्य केयूरक यह कहने महाश्वेता के पास आया कि कादम्बरी नहीं मान रही है। महाश्वेता ने अब उसे समझाने हेतु स्वयं जाना ठीक समझा। वह चित्ररथ का राज्य दिखाने के लिए चन्द्रापीड़ को भी साथ ले गई। उसने वहाँ जब उसका कादम्बरी से परिचय कराया, तो वे दोनों एक-दूसरे को देखते ही परस्पर हृदयों का आदान-प्रदान कर बैठे। कादम्बरी ने उसे प्रणय-प्रतीक रूप में एक अमूल्य हार भी भेंट किया। बाद में चन्द्रापीड़ महाश्वेता के कुटीर में लौटा, तो वहाँ अपनी खोज में आये हुए सैनिकों को पाया और उनसे सन्देश मिला कि राजा तारापीड़ उसे और वैशम्पायन को शीघ्र घर लौट देखना चाहते हैं। तदनुसार चन्द्रापीड कुछ चुने हुए अश्वारोहियों को साथ लेकर स्वयं तो द्रुत गति से आगे चल पड़ा और वैशम्पायन को कह गया कि वह धीरे-धीरे सेना के साथ आता रहे। स्वयं वह दिन-रात चलकर दूसरे ही दिन उज्जयिनी जा पहुँचा। [यह पूर्व भाग का सारांश है]

भूषणभट्ट-कृत उत्तरभाग—

कादम्बरी विरह-वेदना से मरी जा रही थी। इधर चन्द्रापीड़ को भी चैन कहाँ? वह सोचने लगा कि किस तरह फिर प्रियतमा के पास हेमकूट जाया जाय। ऐसे समय में सलाह देनेवाला वैशम्पायन देखो तो अभी सेना के साथ घर वापस नहीं पहुँचा था। अन्त में उसे एक उपाय सूझा। उसने अपने माता-पिता से पीछे छूटे पड़े वैशम्पायन को लिवा लाने की आज्ञा

प्राप्त कर ली और चल पड़ा। मार्ग में सेना तो मिल गई, लेकिन उसके साथ वैशम्पायन नहीं था। पूछने से पता चला कि अच्छोद सरोवर के पास पहुँचते ही उसका मन ऐसा बदला कि वह वहीं रम गया। चन्द्रापीड़ उसे ढूँढने वहीं पहुँचा, तो क्या देखता है कि वैशम्पायन वहाँ कहीं नहीं, महाश्वेता फूट-फूटकर रो रही है। पूछा, तो बोली—"यहाँ एक नवयुवक आया था, जो रह-रहकर मुझ पर प्रेमासक्त होता जा रहा था। क्रोध में आकर मैंने उसे शाप दे दिया कि तू तोते की तरह मुख में ही राग रख रहा है, अतः तोता बन जा, किन्तु मुझे पीछे पता चला कि वह तुम्हारा प्रिय सखा वैशम्पायन था।" अपने सखा का इस प्रकार अन्त सुनते ही चन्द्रापीड़ का हृदय फट गया और वह वहीं मिट्टी का ढेर बन गया। इतने में अपने प्रियतम को आया हुआ सुनकर कादम्बरी सज-धज कर उसे मिलने वहाँ पहुँची, तो उसे मृत पाकर मूच्छित होकर गिर पड़ी। होश आते ही प्रियतम की मृत देह के साथ सती होने जा रही थी कि सहसा चन्द्रापीड़ के मृत शरीर से चन्द्रमा के समान एक ज्योति निकली और आकाशवाणी हुई—'राजपुत्री, प्राण मत त्यागो; चन्द्रापीड़ के इस शरीर को सुरक्षित रखो। पुण्डरीक का शरीर भी चन्द्रलोक में सुरक्षित है। तुम दोनों तरुणियों को अपने-अपने प्रियतमों से पुनर्मिलन हो जाएगा।' यह देख और सुनकर सबके सब अवाक् रह गए। उधर उज्जयिनी जब राजा तारापीड और मंत्री शुकनास को अपने-अपने पुत्रों का यह दुखद समाचार मिला, तो वे भी रोते-चीखते अच्छोद सरोवर आ पहुँचे और कादम्बरी एवं महाश्वेता के साथ वहीं डेरा डाल बैठे।"

इतना वृत्तान्त कह चुकने के बाद ऋषि जाबालि ने तोते के बच्चे के सम्बन्ध में उत्सुक ऋषिगण से कहा कि यह पिछले जन्म में मंत्री-पुत्र वैशम्पायन था, जिसे महाश्वेता ने शुकयोनि में जाने का शाप दे दिया था। जाबालि से अपने पूर्व जन्म का हाल सुनते ही तोते के बच्चे को सब कुछ याद आ गया। उसने ऋषि से चन्द्रापीड़ के सम्बन्ध में जानना चाहा, तो वे बोले—'धीरज धरो बच्चे, जब तुम्हारे पंख निकलकर मजबूत हो जाएंगे, तब पूछना'।

जाबालि द्वारा कहा अपना वृत्तान्त सुनकर तोता राजा शूद्रक को बोला—'महाराज, ऋषि-पुत्र हारीत के संरक्षण में मेरा पालन-पोषण आश्रम में होता रहा। पंख मजबूत हुए कि मैं अपनी प्रेयसी महाश्वेता को देखने की उत्कट अभिलाषा से उत्तर दिशा की ओर उड़ भागा। मार्ग में इस चण्डाल-कन्या के कहने पर किसी व्याध ने थके माँदे सोये पड़े मुझे पकड़ लिया और इसके हाथ पकड़ा दिया। इस लड़की ने मुझे पिंजरे में रख कर कुछ समय पाला-पोसा और आज आपको भेंट कर दिया। मुझे पता नहीं यह कौन है और क्यों मुझे भेंट कर गई है?"

कुतूहल-वश राजा शूद्रक ने चण्डाल-कन्या को बुलाकर पूछा—'लड़की! बता, यह सारा मामला क्या है?' उसने उत्तर दिया—'महाराज, आप चन्द्रापीड़ हैं। यह तोता आपका प्रिय सखा वैशम्पायन है, जो उससे भी पूर्व जन्म में मेरा पुत्र पुण्डरीक था। मैं स्वयं लक्ष्मी हूँ! मेरा काम था तुम दोनों मित्रों को मिलाना, सो मैंने मिला दिया है। तुम दोनों का शाप समाप्त हो गया है अतः अब तुम अपना-अपना पूर्व रूप प्राप्त कर लो'। इतना कह कर लक्ष्मी अन्तर्धान हो गई। बाद में शूद्रक और तोता अपने पूर्व रूप में आ गए और अपनी-अपनी प्रियतमाओं से जा मिले। जीवन आनन्दमय हो गया। [यह उत्तरभाग का सारांश है।]

यदि हिन्दी के सूफी सम्प्रदाय वाले जायसी आदि रहस्यवादी कवियों की रोमानी प्रेमकहानियों की तरह **कादम्बरी** के उपर्युक्त कथानक में हम आध्यात्मिक संकेत भी ढूँढना चाहें तो वे भी मिल सकते हैं। जायसी की रानी पद्मावती के सदृश कादम्बरी (नायिका) को आप परम सौन्दर्यमयी परा-ज्योति समझ लें। उसकी प्राप्ति में लगा हुआ चन्द्रापीड़ जीव का प्रतीक है। वहाँ तक पहुँचाने वाला इन्द्रायुध मन है। महाश्वेता निर्मल प्रज्ञा है और पुण्डरीक

प्रज्ञा के साथ रहने वाला विज्ञानतत्त्व है। चन्द्रापीड़ की तरह कोई भी जीव गीता के **'अनेक-जन्मसंसिद्धस्ततो याति परां गतिम्'** इस सिद्धान्त के अनुसार त्याग, और तितिक्षा से उस परा-ज्योति को प्राप्त कर सकता है। लेकिन यह आध्यात्मिक छाया बड़ी झीनी है, कथा के भौतिक पक्ष से इतनी अधिक दबी हुई है कि इसे उभरने का अवसर ही नहीं मिला और वह दबी की दबी रह गई है।

हम देख चुके हैं कि उपन्यास के अन्तर्गत होने से कादम्बरी का उपर्युक्त कथानक निरी कल्पना है जैसे कि सभी उपन्यासों में हुआ ही करता है। किन्तु पाश्चात्य समीक्षक हमारी इस चूड़ान्त रचना—मास्टर-पीस–को अधिक आदर की दृष्टि से नहीं देखते। उनका कहना है कि मनुष्य का तोता बन जाना, तोता बनकर भी मानुषी वाणी बोलना, शाप से घोड़ा बन जाना, मर जाने पर भी देह का ज्यों का त्यों बना रहना, प्रेम का जन्म जन्मान्तर तक चलते रहना इत्यादि पौराणिक, तिलस्मी तथा अटपटी बातों में पाठकों का कोई आकर्षण नहीं। इसका आद्योपान्त सारा ही वातावरण असंभाव्य तथा अविश्वसनीय है। वे **कादम्बरी** को अपने यहाँ के मध्ययुगीन स्पेन्सरकी **'फेयरी क्वीन'** जैसी रचनाओं की कोटि में रखते हैं, जिनसे बच्चों का मनोरञ्जन हो जाय तो हो जाय, किन्तु यथार्थ के दर्शन उनमें कुछ नहीं होते। वे यह भी कहते हैं कि इसमें कोई सीधी कहानी न चलकर, कहानी पर कहानी, कहानी पर कहानी जुड़कर कथानक को कवियों ने इतना जटिल बना दिया है कि वह साधारण पाठकों की बुद्धि से परे हो जाती है और उनकी रुचि भंग कर देता है। हम उनके इन विचारों से सहमत नहीं हैं। यदि वे हमारे देश में होते अथवा भारत के सांस्कृतिक वातावरण में पले-पुसे होते, तो उनके विचार वैसे कदापि न बनते। भारतीय संस्कृति के पुनर्जन्म-सिद्धान्त, जातस्मरता, प्रणय-भावना की दृढ़निष्ठा और उसका जन्म-जन्मान्तर तक चलते रहना, दिव्य दृष्टि, शाप और वर आदि ऐसी बातें हैं, जिनमें हम भारतीयों की पूरी आस्था और दृढ़विश्वास है। **कादम्बरी** को माध्यम बनाकर कालिदास आदि की तरह बाण और भूषण ने भी भारतीय संस्कृति के इन्हीं तथ्यों तथा आदर्शों को उजागर किया है। पञ्चतन्त्र की तरह कहानी पर कहानी जुड़ने से रुचिभंग का प्रश्न भी नहीं उठता है, क्योंकि कड़ियाँ ऐसी निपुणता से जुड़ी हुई है कि उनसे कुतूहल और 'सस्पैन्स' उत्तरोत्तर बढ़ता ही जाता रहता है। पिता द्वारा फैलाई सभी कड़ियों का आपस में तालमेल बैठाकर जिस प्रकार भूषणभट्ट ने अन्त में उनको समन्वयात्मक रूप दिया है, वह उनके कला-नैपुण्य की अनोखी चीज है।

कादम्बरी का मूल-स्रोत—

जब कोई कवि, कलाकार या शिल्पी अपना कलाभवन निर्माण करने चलता है, तो वह कुछ प्रारम्भिक आधार और सामग्री अवश्य एकत्रित कर लेता है। कालिदास, भवभूति आदि सभी ने ऐसा किया है। बाण ने भी ऐसा किया है। उन्होंने अपनी इस कृति के लिए **बृहत्कथा** को अपना आधार चुना है। गुणाढ्य-कृत बृहत्कथा पैशाची भाषा में लिखा हुआ अनेक कथानकों का आकर-ग्रन्थ है। बाण ने हर्षचरित के प्रारम्भिक श्लोकों में से अन्यतम में इसकी प्रशंसा कर रखी है, किन्तु आजकल यह ग्रन्थ उपलब्ध नहीं होता। बाण के समय में उपलब्ध था। आजकल इसके तीन सार-ग्रन्थ अवश्य मिलते हैं—एक है सोमदेव-लिखित **कथासरित्सागर**, दूसरा क्षेमेन्द्रलिखित **बृहत्कथामञ्जरी** और तीसरा है बुधस्वामीकृत **बृहत्कथा-श्लोकसंग्रह**। बाण ने अपनी 'कादम्बरी' के लिए **बृहत्कथा**-गत जिस सुमना राजा की कथा को अपना आधार बनाया, वह **कथासरित्सागर** के लम्बक १०, तरंग १३, और श्लोक २२–१७९ में संगृहीत है।

वहाँ नगरी काञ्चनपुरी है, यहाँ विदिशा; वहाँ राजा सुमना है, यहाँ शूद्रक; तोता लाने वाली निषाद-कन्या दोनों में समान हैं; वहाँ अपनी कहानी सुनाता हुआ तोता अपना निवास-स्थान हिमालय और रोहणी वृक्ष बताता है, तो यहाँ विन्ध्य और शाल्मली है; शबर द्वारा दोनों वृक्षों के तोतों को मारकर ले जाना दोनों में एक-जैसा है; वहाँ तोते के बच्चे को मारीच ऋषि पुलस्त्य के आश्रम में ले जाता है, यहाँ हारीत अपने पिता जाबालि के आश्रम में; वहाँ और यहाँ दोनों ऋषि तोते को शाप-वश शुक-योनि में पड़ा कहते हैं; वहाँ रत्नाकर नगर है, यहाँ उज्जयिनी; वहाँ राजा ज्योतिष्प्रभ है, यहाँ तारापीड; वहाँ राजकुमार सोमप्रभ है, यहाँ चन्द्रापीड; वहाँ घोड़ा उच्चैःश्रवा है, यहाँ इन्द्रायुध; दोनों राजकुमार दिग्विजय करते-करते हिमालय में किन्नर-युगल देखते हैं और उनका पीछा करते-करते सरोवर पहुँच जाते हैं; वहाँ शिवलिङ्ग की स्तुति करती हुई लड़की मनोरथप्रभा है, यहाँ महाश्वेता; दोनों युवाओं को देखती हैं, जो उनके वियोग में मर जाते हैं, आकाशवाणी दोनों जगह होती है और प्रेमिकाओं को सती होने से रोक देती है; तदनुसार बाद में प्रेमी-प्रेमिकाओं का पुनर्मिलन हो जाता है। इस तरह बाण की **कादम्बरी** की सारी कथा **कथासरित्सागर** से मिल रही है। यही **कादम्बरी** का मूलस्रोत है।

कथाकंकाल की प्राण-प्रतिष्ठा—

इसमें सन्देह नहीं कि बाण ने अपनी **'कादम्बरी'** के लिए गुणाढ्य की **बृहत्कथा** से उपरोक्त मूल लिया है। थोड़ा-सा कथानक इधर-उधर करके पात्र भी अन्य नामों से वही रखे हैं, किन्तु अपने मौलिक रूप में वहाँ सभी पात्र निरे निर्जीव, निष्प्राण कंकाल हैं। उनकी कहानी का महत्त्व दादी-नानी द्वारा अपने नाती-पोतों का मनोरञ्जन करने के सिवाय और कुछ नहीं है। उसमें विद्वानों के लिए कोई चीज नहीं। यह तो बाण और भूषण ही हैं, जिन्होंने अपनी कला-तूलिका से उन सब में ऐसा अनोखा रंग चढ़ाया कि सब कुछ के कुछ हो बैठे; अपनी कल्पना और कवित्व-शक्ति से उनमें रुधिर-मांस भरकर भीतर रस की ऐसी प्राणवत्ता फूँकी कि सारी नयी ही सृष्टि बन गई। क्या प्रधान पात्र चन्द्रापीड और कादम्बरी तथा पुण्डरीक और महाश्वेता तथा क्या गौण पात्र तारापीड़, विलासवती, शुकनास, पत्रलेखा आदि—सभी में बाण और भूषण भट्ट ने ऐसा व्यक्तित्व उभारा कि सभी सजीव हो उठे। निर्जीव को प्राणोच्छ्वसित करना ही तो कला कहलाती है। बाप-बेटों ने भी वही किया और अपनी **कादम्बरी** को साथ ही स्वयं को भी हमेशा के लिए अमर बना गये।

भूषणभट्ट का कला-वैशिष्ट्य—

भूषणभट्ट द्वारा जाबालि के मुँह से हारीत को कहलवाया **'यादृशाद्वै जायते तादृगेव भवति'** यह श्रुति-वाक्य व्यक्तिगत रूप से स्वयं कवि पर भी लागू हो जाता है अर्थात् जैसा पिता, वैसा पुत्र। भूषण सभी बातों में पिता-तुल्य हैं और वे उनके ही पद-चिह्नों पर चले हैं। उन्होंने स्वीकार भी किया है :—

'गद्ये कृतेऽपि गुरुणा तु तथाऽक्षराणि
यन्निर्गतानि पितुरेव स मेऽनुभावः।'

पाश्चात्य साहित्य से परिचित सभी जानते हैं कि पश्चिम जगत् के सुप्रसिद्ध कवि शेक्स-पीयर की कला ने जो विश्वव्यापी गरिमा अर्जित की है, उसका सारा श्रेय उस कवि के मानव-स्वभाव की विविधताओं के गहरे अध्ययन और उसकी मनोवैज्ञानिक भूमियों-अन्तर्भूमियों के सूक्ष्म विश्लेषण और चित्रण को ही जाता है। हमारे बाण तथा उनके पुत्र भूषण की प्रतिष्ठा का भी यही कारण है। उनका कला-वैशिष्ट्य इसी में निहित है। पिता की तरह पुत्र ने भी मानव-

स्वभाव का गहरा और व्यापक अध्ययन कर रखा है। वे भी मानव-मनोविज्ञान के मार्मिक विद्वान् हैं। उनकी सूक्ष्मेक्षिका की गहरी पैठ जैसे अन्तर्जगत्—भावलोक—में, उसके कोने-कोने में है, उसी तरह वहिर्जगत् में भी हैं। वह क्या नारी-पात्र और नर-पात्र, क्या उनकी रूप-माधुरी व नख-शिख तथा परिधान, प्रसाधन, क्या राजद्वार और वहाँ खड़े हाथी घोड़े, क्या उज्जयिनी और वहाँ का नागरिक जीवन, क्या मुनि आश्रम और मुनि लोगों की सात्त्विक वृत्तियाँ और क्या शबरावास तथा शबरों का घिनौना तामस जीवन—सभी जगह घूमी हुई है। यही कारण है कि इनके चित्रण इतने वास्तविक और मार्मिक बन बैठे। इनके प्रकृति-चित्र भी—क्या वन और वनसंपदा, क्या सूर्य और चन्द्रमा के अस्तोदय, क्या रात्रि, रात्रि-सन्ध्या और अरुणोदय, क्या वर्षा और शरद्—सभी बड़े आकर्षक एवं बिम्वग्राही हैं। आश्चर्य तो यह कि बहिर्जगत् के इन चित्रणों में वर्ण्य विषय ऐसा कोई नहीं मिलेगा, जिसका अणुमात्र भाग भी जानने के लिए शेष रह गया हो। सब कुछ सर्वाङ्गीण है और चित्रपट की तरह हमारे मानस चक्षु के आगे 'प्रत्यक्षायमाण' हो जाता है।

अब इनके अन्तर्जगत्—काव्य के भाव पक्ष—की ओर चलिए। यहाँ भी बहिर्जगत् के चित्रों की तरह अनोखे, मार्मिक, रसात्मक भाव चित्र मिलेंगे। यहाँ भी भूषणभट्ट मानव हृदय का ऐक्सरे जैसे लेकर उसके अन्तरतम में छिपे अमूर्त भावों को पाठकों के सामने अविकल रूप में धर देते हैं, जिनकी अनुभूति और आस्वाद में पाठक भाव-विभोर हो उठते हैं यह गुनगुनाते हुए कि क्या कमाल है! हम पीछे कह आये हैं कि कादम्बरी में मुख्य भाव प्रेम—शृङ्गार—है। शृङ्गार भी अपने शुद्ध और मर्यादित रूप में है, दण्डी के शृङ्गार की तरह अपवित्र और उच्छृङ्खल नहीं। वह भी मुख्यतः अपनी वियोगावस्था का है, संयोगावस्था का बहुत कम। महाश्वेता के साथ आये हुए चन्द्रापीड़ से आँखें टकराने के बाद कादम्बरी के हृदय का अन्तर्द्वन्द्व—एक ओर कुमारीसुलभ लज्जा, तो दूसरी ओर काम-वासना की बलवती हूक; इधर माता पिता के प्रति कर्तव्यनिष्ठा का ध्यान, दूसरी तरफ प्रिय मिलन के लिए अत्युत्कट उत्कण्ठाजन्य बेचैनी; इधर कुल मर्यादा का खयाल, उधर देखो तो कामाग्नि दग्ध हृदय की विवशता, फिर निराशा में बेचारी की लंबी-लंबी आहें, तापशमन हेतु धारागृह में बेकार की भटकने, भाँति भाँति की तड़पन, उन्माद, मूर्छा आदि—ऐसा लगता है कि भूषणभट्ट ने विरहिन के हृदय का 'आपरेशन' करके जैसे हमारे आगे रख दिया हो।

पिता की तरह भूषणभट्ट का प्रेम हल्का फुल्का, वासनात्मक प्रेम नहीं है, आदर्श प्रेम है, जो तप तितिक्षा से उभरता है। वे वासना को हेय मानते हैं। वासना प्रेम के ऊपर जमी मैल की परत है और केवल बाहरी रूप रंग तथा शारीरिक आकर्षण पर टिकी रहती है। उसकी सभी बातें सैक्सी—यौन—हुआ करती है जबकि प्रेम की हार्दिक। वासना गिराती है, प्रेम ऊपर उठता है। बाण की महाश्वेता और पुण्डरीक इसी वासना के तो शिकार हो बैठे थे। किसी की भी पर्वाह न किये, चुपके चुपके रात में उस मनचली छोकरी का स्वेच्छाचार तथा ऊँचे ऋषिकुल में जन्मे उस ब्राह्मण छोकरे का नैतिक पतन—ये दोनो बातें आदर्शवादी बाण को भला क्योंकर भातीं, इसलिए उसने उन दोनों वासनाभोगियों को इस बात के लिए ऐसा कठोर दण्ड दिया, जो जन्म-जन्मान्तर चलता रहा। कालिदास ने भी तो वासना की भूखी शकुन्तला और पार्वती को तथा वासनावश कर्तव्यभ्रष्ट यक्ष को इसी तरह दण्डित किया था। भूषणभट्ट ने भी पिता के पद-चिह्नों पर चलकर महाश्वेता और पुण्डरीक वाली घटना के ठीक समानान्तर कादम्बरी और चन्द्रापीड पर भी वैसी ही घटना दोहराई है, और इन दोनों पथ-भ्रष्टों को भी उनकी उद्दण्डता के लिए कठोर दण्ड दिया है।

वैसे तो साहित्य-विधानानुसार साहित्य-शास्त्रियों ने वियोग की दश कामदशाओं में से अन्तिम दशा मृत्यु पर प्रतिबन्ध लगा रखा है। अधिक से अधिक वे प्रेमी-प्रेमिकाओं को आसन्न

मृत्यु तक ले जाने की अनुमति दे सकते हैं, मारने की नहीं, क्योंकि मृत्यु शृंगार को समाप्त करके करुण रस की सीमा बना देती है। किन्तु यह बाण और भूषण ही हैं जो चिर प्रचलित इस प्रतिबन्ध को तोड़कर प्रेमियों को मृत्यु तक ले गए हैं, काम-दी (comedy) को त्रास-दी (Tragedy) बना गए हैं, भले ही मृत्यु-घटना के बाद आकाशवाणी द्वारा दिये गए पुनर्मिलन के आश्वासन पर वे 'करुण' को फिर 'विप्रलम्भ-शृंगार' की सीमा के भीतर ले आए हो। साहित्यक्षेत्र में पिता-पुत्रों की यह बिलकुल नयी उद्भावना है।

तप-त्याग की अग्नि में वासना-मल के भस्म हो जाने पर कुन्दन बना प्रेम जब अपना शुद्ध रूप अपना लेता हैं, तब जाकर कहीं भूषणभट्ट विप्रलम्भ समाप्त करके उसे संभोग का रूप देते हैं, किन्तु उनका यह संभोग-चित्र यहाँ बड़ा ही संक्षिप्त है जैसा कि होना चाहिए। शृंगार रस के अतिरिक्त अङ्ग रूप में कवि ने अन्य सभी रसों को भी अभिव्यक्ति दे रखी है। शबर के चित्रण में भयानक रस शबराबास के वर्णन में बीभत्स रस वैशम्पायन के घर लौटने पर शुकनास की फटकार में रौद्ररस और चन्द्रापीड़ के हृदय के फट जाने पर आकाशवाणी एवं उसकी देह की यथावत् अविकृत स्थिति में अद्भुत रस की थोड़ी-सी झाँकी मिल जाती है।

भूषणभट्ट के कला-वशिष्ट्य में एक महत्त्वपूर्ण बात उनका पिता द्वारा अधूरी छोड़ी हुई कथा को पूरा करना है। उन्होंने उत्तरभाग लिखकर कथा की शृंखला को ऐसी निपुणता से जोड़ा कि मिलकर दोनों भाग एकाकार हो गए। पाठकों को कठिनाई से ही पता चलेगा कि उत्तरभाग बाण का नहीं, किसी दूसरे का है। दोनों भागों में एक-जैसा संविधान, एक-जैसी शैली और एक-जैसी भावाभिव्यक्ति मिलती है। जैसा कि हमने मंगलाचरण के प्रथम श्लोक में स्पष्ट कर रखा है, अर्धनारीश्वर रूप में शिव के **'देह-द्वयार्धघटनारचितं शरीरमेकं ययोरनुपलक्षितसन्धिभेदम्'** इस तरह वर्णन में कवि का अपनी तरफ से पूर्वभाग से जोड़े हुए अपने उत्तरभाग की ओर व्यक्तिगत संकेत है अर्थात् जिस प्रकार आधे-आधे शरीर मिलकर बने शिवपार्वती युगल में जोड़ का कहीं पता ही नहीं चलता, वैसे ही पूर्वभाग और उत्तरभाग के जोड़ के सम्बन्ध में भी समझ लीजिए। दोनों में पूर्ण ऐकात्म्य है। फिर भी भूषणभट्ट की यह निरभिमानिता और विनम्रता ही समझें कि वे उत्तरभाग का भी श्रेय अपने को जरा भी न देकर पिता को ही दे रहे हैं :—

'बीजानि गर्भितफलानि विकासभाञ्जि
वप्त्रैव यान्युचितकर्मबलात् कृतानि।
उत्कृष्टभूमिविततानि च यान्ति पोषं
तान्येव तस्य तनयेन तु संहृतानि' ॥ ६ ॥

कुछ पाश्चात्य आलोचकों का कहना है कि भूषणभट्ट कथा को अपने पिता के कला-स्तर तक नहीं पहुँच पाए हैं। यह न बाप जैसी कल्पना की उड़ानें भर सके हैं, न बाण जैसा प्रकृति के चराचर तत्त्वों का सूक्ष्म वीक्षण और बिम्बग्राही चित्रण कर सके हैं और न ही शुकनास द्वारा चन्द्रापीड़ को अथवा कपिञ्जल द्वारा पुण्डरीक को दिया हुआ उदात्त प्रबोधन उद्भावित कर सके हैं। किन्तु हमारे विचार से उनके द्वारा किया हुआ भूषणभट्ट का यह अधःकरण अतिरंजित है। पिता द्वारा किये हुए विरहिणी कादम्बरी, एवं विरही चन्द्रापीड़ के विरह-चित्रणों में क्या भूषण की कम कल्पना है? इनके सूर्य चन्द्रों के उदयास्तों तथा वर्षा शरद् आदि प्रकृति तत्त्वों के वर्णन क्या बाप से कम बिम्बग्राही है? तारापीड़ द्वारा शुकनास के आगे खोले हुए यौवन की बुराइयों के कच्चे चिट्ठे तथा शुकनास द्वारा तारापीड़ को दिए गए प्रबोधन में क्या बाण के 'शुकनासोपदेश' की छाया नहीं झलकती? हम मानते हैं कि भूषणभट्ट उतने विस्तार में नहीं गए जितने विस्तार में बाण गए हैं। उसका कुछ कारण होगा। दूसरे, हमें यह नहीं भूल जाना चाहिए कि

आखिकार पिता पिता ही होता है, पुत्र पुत्र ही। पिता में कला का पूरा निखार एवं परिपक्वता आ जाने के बाद ही तो उसने 'कादम्बरी' लिखी है, प्रारम्भ में नहीं। बाण की प्रारम्भिक रचना 'हर्ष-चरित' में ही कला का भला कौन सा निखार है! सभी कलाकार अपनी प्रारम्भिक अवस्था की रचनाओं में कुछ न कुछ त्रुटि रखे हुए ही होते हैं। क्या कालिदास की आरम्भिक हल्की-फुल्की रचना 'ऋतुसंहार' को लेकर विद्वानों में पहले यह विवाद नहीं चल पड़ा था कि इसे कालिदासकृत मानें या न मानें? इसलिए भूषणभट्ट ने अपने प्रारम्भिक प्रयत्न में ही जो कुछ लिखा, बहुत अच्छा लिखा! वह सर्वथा सराहनीय है।

भूषणभट्ट की भाषा-शैली :—

भूषण की शैली वही है, जो उनके पिता बाण की है। इस पर कुछ लिखने से पूर्व हम यह बता देना आवश्यक समझते हैं कि बाण और भूषण की सम्मिलित कृति 'कादम्बरी' शैली-प्रधान रचना है, घटना-प्रधान नहीं। शैली-प्रधान रचनाओं में वर्णना को अधिक महत्त्व दिया जाता है, घटना को कम। ऐसी रचनायें बाण से बहुत पहले से ही बनती चली आ रही थीं। "भारतीय साहित्य में ऐसा भी युग था, जिसमें काव्य का प्रधान अवलम्ब आत्मा न रहकर श्रोत्रेन्द्रियाँ बन गईं। इसी युग में अलंकार-शास्त्रियों ने यह सिद्धान्त स्थिर किया कि गद्य-काव्य की उत्कृष्टता शब्द-विन्यास की समृद्धि, वर्णन की आढ्यता, अलंकारों की प्ररोचना, दीर्घ और समस्त पदों की विन्यास-चातुरी, वाक्यों के विस्तार और ध्वनि के साटोप ध्वनन में निगूढ़ है"। इस प्रयास-साध्य शैली को अलंकृत-शैली कहते हैं, जिसमें काव्य का कला-पक्ष भाव-पक्ष पर छाया हुआ रहता है। प्राचीन काल के महाक्षत्रप रुद्रदामन् (१५० ई०) आदि के शिला-लेखों में इस शैली के दर्शन होते हैं। उदाहरण के लिए समुद्रगुप्त (३६० ई०)—सम्बन्धी शिलालेख के गद्य का एक यह छोटा सा नमूना देखिए :—

'तस्य महाराजाधिराजश्रीसमुद्रगुप्तस्य कीर्तिमतस्त्रिदशभवनगमनावाप्तललितसुखविचरणामाचक्षाण इव भुवो बाहुरयमुच्छ्रितः स्तम्भः'।

गद्यकारों के बाद यही अलंकृत शैली माघ, हर्ष-आदि कवियों ने अपने महाकाव्यों में और भवभूति आदि नाटकारों ने अपने नाट्यक्षेत्र में भी अपना ली।

बाण ने अपने 'हर्षचरित' के प्रारम्भिक श्लोकों में विभिन्न देशों की शैली के सम्बन्ध में स्वयं लिख रखा है :—

श्लेषप्रायमुदीच्येषु प्रतीच्येष्वर्थमात्रकम्।
उत्प्रेक्षा दाक्षिणात्येषु गौडेष्वक्षरडम्बरम्॥'

अर्थात् उत्तर भारत में श्लेषमुखेन प्रतिपादन होता है, पश्चिम में केवल अर्थमात्र का अभिधान रहता है, दक्षिण में उत्प्रेक्षाओं का प्रयोग होता है और पूर्व में शब्दाडम्बर ही रहता है। बाण ने इन चार विभिन्न प्रतिपादन-प्रकारों का समन्वय करना चाहा और वे अपनी एक समन्वित शैली बना बैठे। इस समन्वित शैली को पाञ्चाली रीति कहा जाता हैं :—

शब्दार्थयोः समो गुम्फः पाञ्चाली रीतिरिष्यते।
शीलाभट्टारिकावाचि बाणोक्तिषु च सा यदि॥

शीला भट्टारिका के गद्य के सम्बन्ध में तो अभी कुछ पता नहीं चल रहा है, किन्तु 'बाणोक्तियाँ' हमारे पास **हर्षचरित** और **कादम्बरी** के रूप में मौजूद हैं। भाषा की इस पाञ्चाली रीति में शब्द और अर्थ का समान गुम्फ—शब्दार्थों का परस्पर संतुलन—रहता है। अर्थ अथवा वर्ण्य विषय उदात्त, कठोर और ओजस्वी हो, तो भाषा में भी कठोरता और ओज लाना अनिवार्य हो जाता है। ओज का स्वरूप है—**ओजः समासभूयस्त्वम्, एतद् गद्यस्य जीवितम्'**। फिर तो भाषा में दीर्घ-दीर्घ समास चलने लगते हैं, उसमें

शब्दाडम्बर आ जाता है, अप्रसिद्ध एवं कठिन-कठिनतर शब्द प्रयोग में आने लगते हैं और अलंकारों का ताँता सा बँध जाता है। ऐसी ओजस्विनी शब्दाडम्बरी भाषा गौड़ देश की होने से गौड़ी कहलाती है, जो स्वभावतः कठिन और प्रयाससाध्य हुआ करती है। यह अधिकतर बहिर्जगत् के चित्रण में कवि की बहुमुंखी (Objectrive) कला में प्रयुक्त होती है। बाण ने जहाँ अपनी चाण्डाल-कन्या, उज्जयिनी, विन्ध्याटवी, पम्पासर जाबालि-आश्रम, इन्द्रायुध, राजद्वार और अच्छोदसर आदि बाह्य जगत् के वर्णनों में यह विकटाक्षरबन्ध शैली अपनाई है, वहाँ भूषणभट्ट ने इसका प्रयोग हिमगृह, हिमगृह-भ्रमण, चन्द्रापीड़ के प्रयाण, स्कन्धावार, कायमान, तट-लतामण्डप, जलमण्डप, जलदकाल, अच्छोद, पक्कण आदि में किया है। सभी जानते हैं कि प्रस्तुत को हृदयङ्गम बनाने, उसमें प्रेषणीयता लाने हेतु कवियों को उसके समानान्तर अप्रस्तुत को रखना पड़ता है। इसे सादृश्य विधान या अप्रस्तुत-विधान कहते हैं। यह उपमा, रूपक, उत्प्रेक्षा, दृष्टान्त, परिसंख्या आदि के रूप होता है। कभी-कभी अप्रस्तुत-विधान विरोध-मुखेन भी किया जाता है जिसे विरोधाभास कहते हैं। इन सभी अलंकारों का बाण और भूषण—दोनों ने 'कादम्बरी' के बाह्य चित्रणों में खुलकर प्रयोग किया है। श्लेष का पुट लाकर वे इन्हें और अधिक चमत्कारक बना गए हैं। हम यहाँ भूषणभट्ट का थोड़ा सा अप्रस्तुत-विधान उदाहरणार्थ देना चाहेंगे। चन्द्रापीड़ के मुख पर उग रही काली-काली दाढ़ी-मूछों की रेखा के लिए उपमाओं की शृंखला देखिए :—

'शुकनास, पश्येयमायुष्मतश्चन्द्रापीडस्योत्सर्पिणी महानीलमणिप्रभेव कनक-शिखरिणः, गण्डमण्डलोद्भासिनी मदलेखेव गन्धद्विपस्य, उपहितकान्तिपतिपरभागा लक्ष्मच्छायेव चन्द्रमसः, विकासशोभापेक्षिणी मधुकरावलीव कमलाकरस्य ····श्मश्रुराजिलेखा।'

श्लेष का पुट भीतर रखे उपमा की झलक भी देखिए :—

'(कादम्बरी) मुररिपुशयनलीलेन मन्दोच्छ्वसितशेषा निमीलितलोचना किमपि चिन्तयति। कुन्दकलिकेव तुषारसिक्तपल्लववर्तिनी वनानिलेनायास्यते।··ज्ञानकीव पीतरक्तेभ्यो रजनिचरेभ्य इव चम्पकाशोकेभ्यो बिभेति। ग्रीष्मलक्ष्मीरिवानुदिनमतिक्षामा भवति'।

उत्प्रेक्षा के रूप में अप्रस्तुत-विधान का भी शृंखलारूप एक नमूना देखिए :—

'आचरणादुत्कण्टकमनवरतमदनशरशल्यनिकरचितमिव शरीरमुद्वहन्तम्, उद्विकासिकेतक-रजःपटलधवलं प्रथमतरमेव भस्मसात्कृतमिव मदनहुतभुजा ··· उद्वेगावर्जितेन नयनजलस्रोत-सात्मने जलमिव प्रयच्छन्तम्, आत्मेच्छयैव मत्करग्रहणाय निर्वर्तितस्नानमिव स्वेदाम्भसा ··· आविष्टमिव, मत्तमिव ··· युवानम्।'

क्रमशः विरोधाभास और परिसंख्या का भी एक-एक उदाहरण देने की इच्छा हम संवरण नहीं सकते :—

'मधुरमपि दुःश्रवम्, सरसमपि शोषहेतुम्, कोमलमपि कठोरम्, नम्रमप्युन्नतम्, पेशलम-प्यहंकृतम्, ललितमपि प्रौढम् (आलापम्)।

'राजधर्मोऽनुरुद्धो न स्वरुचिः। वृद्धाः समासेविता न व्यसनानि। सतां चरितान्यनुवर्तितानि नेन्द्रियाणि, धनुरुन्नमितं न मनः। वृत्तं रक्षितं न शरीरम्, वाच्यात् भीतं न मरणात्'।

कुछ लोग, विशेषतः पाश्चात्य आलोचक बाण तथा भूषण के इन लम्बे लम्बे, समासबहुल कठिन वर्णनों को भाषा का एक ऐसा जंगल कहते हैं, जहाँ दुरूह क्लिष्ट समस्त शब्दों के रूप में भयंकर हिंस्र जन्तु घूमते रहते हैं, जिनसे पाठक बटोही वेचारा बहुत डर जाता है और घबराकर, ऊब कर बाहर निकलने को आतुर हो उठता है। वे हमें 'कादम्बरी' का दोष बताते हैं, किन्तु हमारी समझ में नहीं आता कि बाण और भूषण का अवमूल्यन करने वाले वे यह क्यों भूल जाते हैं कि 'कादम्बरी' शैलीप्रधान रचना है और जैसा कि हम पीछे संकेत कर आए हैं—उस समय

काव्य की उत्कृष्टता मापने की यही एक मात्र शैली अथवा मानदण्ड था। गद्य काव्य का जीवित ओज ही होता था, जिसमें समासों की आढ्यता रहती थी ('ओजः समासभूयस्त्वम्, एतद् काव्यस्य जीवितम्') इसमें वाण अथवा भूषण का क्या दोष? दूसरे, उस समय संस्कृत 'मृत भाषा' नहीं थी जैसी आजकल है, वह 'जीवित भाषा' थी । समझने में कोई कठिनाई आगे नहीं आती थी। फिर भी कादम्बरीकारों को अपने पाठकों की इस शिकायत का आभास होता रहता है और वे सुबन्धु की तरह उन्हें जंगल में ही भटकते रहने देना नहीं पसन्द करते हैं। थोड़ी ही देर बाद वे पाठक बटोहियों को जंगल से बाहर निकाल कर उनके विश्राम हेतु सरस, हरित शाद्वल का निर्माण कर देते हैं। वह शाद्वल होता है अन्तर्जगत्—मानव-हृदय के कोमल मधुर भावों का सरस, सरल धरातल। कला एकदम बहिर्मुखी से अन्तर्मुखी (*Subjective*) हो जाती है तथा भाव-प्रधान बन जाती है। भावात्मक स्थलों में उतरते ही वाक्यों की गति मन्थर पड़ जाती है। समास समाप्त हो जाते हैं। होते हैं भी तो छोटे छोटे और नितान्त सुबोध। भावों की तरह शैली में भी मधुरता और कोमलता आ जाती है वाण और भूषण ने हृदय की मार्मिक भूमि प्रेम, करुणा, वेदना, ज्ञान आदि मनोभावों का विश्लेषण और चित्रण इसी सरल शैली में किया है, जिसे वैदर्भी रीति कहते हैं। इस तरह वाण तथा भूषण की भाषा शैली विषय के अनुरूप ही चलती है। यही उनकी समन्वयात्मक शैली है। भूषणभट्ट ने अन्तर्जगत्—शोक, करुणा, प्रबोधन, प्रेम आदि मनोभावों—का चित्रण इसी सरल शैली में कर रखा है। उदाहरण के लिए विलासवती का शोकोद्गार देखिए :—

'...त्स, जगदेकचन्द्र, चन्द्रापीड, चन्द्रानन, गच्छत एव ते मयाऽस्य हतहृदयस्य ... दुष्करं मे वत्सस्य पुनर्मुखावलोकनमिति। बलाद् गतोऽसि। किं करोमि? को वात्र ...य। मन्दभाग्याया ममैवैतान्यपुण्यानां विलसितानि'।

...सी तरह मेघनाद के प्रति चन्द्रापीड की वैशम्पायन-विषयक जिज्ञासा देखिए :—

'अयि, दृष्टस्त्वयाच्छोदसरसि वैशम्पायनः? पृष्टो वावस्थान-कारणम्? पृष्टेन वा किञ्चिद् न वा? पश्चात्तापी वास्मद्-परित्यागेन? स्मरति वास्माकम्? पृष्टोऽसि वानेन ...न्मदीयम्?'

अधिक उदाहरणों के विस्तार में न जाकर हम वाण और भूषण–दोनों पिता-पुत्रों में भावाभिव्यक्ति के सम्बन्ध में एक उल्लेख्य बात अन्त में यह बता देना चाहते हैं कि जब किसी मनोभाव को, चाहे वह संचारी हो अथवा असंचारी–तीव्रता अथवा अतिरेक देना हो, तो वे उसका मूर्तकरण अथवा चेतनीकरण कर देते हैं। उदाहरण के लिए उत्तरभाग के आरम्भ में ही पत्रलेखा द्वारा चन्द्रापीड को लिवा लाने का आश्वासन दिए जाने पर भूषणभट्ट का कादम्बरी-गत लज्जादि भावों का चित्रण देखिए :—

'अपि चेदानीमानीतस्यापि कुमारस्य न ददाति तरलता–लज्जिता लज्जैव दर्शनम्। मनोभवविकारवेदनाविलक्षं वैलक्ष्यमेव न पुरस्तिष्ठति। अप्रतिपत्तिसाध्वसजडा जडतैव नोपसर्पति। स्वयमुपसर्पणलघु लाघवमेव तत्प्रतिपत्तिस्थैर्यं नावलम्बते'।

भूषणभट्ट को इसकी प्रेरणा अपने पिता से ही मिली है। देखिए वाण का पूर्वभाग :—

"तस्याः सकाशादशिक्षतेव लज्जापि लज्जा–लीलाम्, विनयोऽपि विनयातिशयम्, मुग्धतापि मुग्धताम् .... विलासोऽपि विलासम्"।

जो भारतीय विद्वान् आजकल अमूर्त भावों के मूर्तकरण (Personification) को पश्चिम से आयातित मानते हैं, वे सरासर भ्रम में हैं। यह तो हमारे यहाँ वैदिककाल से चला आ रहा है। इस तरह भूषणभट्ट पिता की तरह ही भावजगत् के भी वैसे ही सिद्धहस्त चितेरे हैं जैसे बहिर्जगत् के।

भूषणकालीन भारत :—

कोई भी कवि या कलाकार जब कोई रचना करता है, तो उसका अपने समसामयिक समाज से प्रभावित होना स्वाभाविक है। उसके वे प्रभाव, समसामयिक गतिविधियाँ—चाहे राजनैतिक हो, धार्मिक हो या अन्य हो—उसकी कृति में यत्र-तत्र स्वतः बिखरी रहती हैं। बाण के पूर्व भाग में तो समाज के व्यापक प्रभाव अभिव्यक्त हो सके हैं, लेकिन भूषण के उत्तर-भाग में वे सीमित हैं।

भूषणभट्ट के काल में समाज का गठन वर्ण और आश्रम व्यवस्था के रूप में मिलता है। ब्राह्मण-वर्ग उच्च माना जाता था और वह समाज में आदर का पात्र था। ब्राह्मण साधारणतः अध्ययन-अध्यापन, यजन याजन आदि षट्कर्मा ('षट्कर्मा विप्रः') होते थे, किन्तु वे मन्त्री आदि का काम भी कर लिया करते थे। तारापीड़ का मन्त्री शुकनास और चन्द्रापीड़ का मन्त्री पुण्डरीक दोनों ब्राह्मण थे। देश में राजत्व प्रणाली प्रचलित थी, गणतन्त्रामक नहीं। राजा भी कुलक्रमागत होते थे। राजगृह दीर्घिकाओं उद्यानों, आरामों और क्रीड़ापर्वतों से सम्पन्न रहते थे। राजाओं में कूटनीति भी चलती रहती थी। सेना में घोड़े, हाथी और पदाति का ही उल्लेख है, रथों का नहीं। मन्त्री की तरह सेनापति भी कुलक्रम से लिया जाता था, मनोनीत नहीं। महाराजाधिराज सम्राट् होता था, जिसके नीचे अनेक माण्डलिक राजा ('राजन्यसहस्राणि') रहते थे। पुत्र का विवाह करके उसे राज्यभार सौंप राजा वानप्रस्थी हो जाते थे, मृत्यु तक सत्ता से चिपके नहीं रहते थे।

देश में शिक्षा का पूरा प्रबन्ध था। लड़कियों को भी शिक्षा मिला करती थी, किन्तु उनका पाठ्यक्रम प्रायः साहित्य न होकर कलासम्बन्धी एवं गृहसम्बन्धी हुआ करता था। नृत्य और संगीत का विशेष प्रचार था। चित्रकला और मूर्तिकला भी लोकप्रिय थी। 'उत्किरण'—पत्थर और सुवर्णादि धातुओं पर मूर्ति उकेरना—('उत्कीर्णेव') 'पुस्त'—मिट्टी की बनी गुजरी आदि की कलाकारी (पुस्तमय इव'), 'रौप्यरस'—सोना चाँदी का मुलम्मा चढ़ाना—आदि शिल्पों का भी प्रचलन था। जड़ीबूटियों से विषनिर्हरण की विधि भी लोग जानते थे। विविध रोगों का ज्ञान और उनकी चिकित्सा भी चल पड़ी थी। स्त्रीवीर्य अथवा पुरुषवीर्य के अनुसार जातक का गर्भ में ही या गर्भ से बाहर आने पर मर जाना, अल्पायु अथवा दीर्घायु होने का आयुर्विज्ञान जाबालि ने अपने पुत्र हारीत को सुना ही रखा है। शुकनास के मुँह से नानाविध द्रव्यसंयोग से कुछ का कुछ प्रभाव हो जाने का उल्लेख रासायनिक (Chemistry) की ओर संकेत करता है।

समाज में बाल-विवाह नहीं होते थे। पर्दाप्रथा नहीं के बराबर थी। रानी विलासवती विना पर्दा के आम लोगों के बीच 'वार्ताहरों' से बातें करती देखी गई है। चन्द्रापीड़ को विवाह के बाद कादम्बरी का हाथ पकड़े माता-पिता के सामने हम खड़ा देखते हैं। महिलाओं के प्रति भद्र व्यवहार हुआ था। गृहस्थ जीवन का वातावरण सौहार्दपूर्ण रहा करता था। घर में सर्वेसर्वा होता हुआ भी पुरुष घरेलू मामलों में पत्नी की राय ले लिया करता था। चन्द्रापीड़ के विवाह के सम्बन्ध में तारापीड़ का विलासवती के साथ विचार-विमर्श से मालूम होता है कि पुत्र-पुत्री का विवाह प्रश्न पिता-माता के हाथ में रहता था, किन्तु स्वयंवरप्रथा भी प्रचलित थी। महाश्वेता और कादम्बरी के विवाह प्रणय-विवाह ही थे, जिनका उनके माता-पिताओं ने हृदय से अभिनन्दन किया। सती-प्रथा प्रचलित थी। प्रियतम की मृत्यु पर महाश्वेता और कादम्बरी सती होने को तय्यार हीं तो थी, किन्तु समाज में सती-प्रथा का विरोध उठ खडा हो गया था। बाण ने पूर्व भाग में महाश्वेता के 'अनुमरण' (सती होने) के प्रयत्न के विषय में

चन्द्रापीड़ के मुँह से उसे आत्महत्या, मूर्खता और महापाप की संज्ञा दिलवाई। चन्द्रापीड़ की मृत्यु पर तारापीड़ और विलासवती के अग्निप्रवेश के प्रयत्न से पता चलता है कि पुत्र-विनाश पर कहीं-कहीं माता-पिता का भी चिता बनाकर भस्म होने का रिवाज था।

धार्मिक क्षेत्र में श्रौत-स्मार्त विधि-विधानों और अनुष्ठानों का पूरा-पूरा पालन होता रहता था। वैदिक और अवैदिक कर्मों द्वारा अभीष्ट सिद्धि पर लोगों का विश्वास जमा हुआ था। पुत्र की आयु-वृद्धि हेतु स्वयं राजा तारापीड़ मृत्युञ्जय मंत्र का जप कर रहे थे। पूर्व जन्म और अगले जन्म में, शाप और वरों में लोगों को दृढ़ आस्था थी। देवमन्दिरों में से उज्जयिनी में महेश्वर-मन्दिर, कार्तिकेय मन्दिर एवं मातृमन्दिर का उल्लेख मिलता है। मनोकामना-पूर्ति हेतु मातृमन्दिर में मनौती भी की जाती थी। टोणे-टोटके भो चलते रहते थे। भूत-प्रेत ('आवि-ष्टेव') और ग्रह भी लोगों पर चिपटते हैं—यह विश्वास भी जनता में चला आ रहा था। ज्योतिष को भी लोग मानते थे और ज्योतिषियों से मुहूर्त निकलवा कर काम आरम्भ करते थे, किन्तु कभी-कभी कार्य की महत्ता एवं अनिवार्यता के आगे ज्योतिष की अवहेलना भी की जाती थी ('यस्यामेव वेलायां चित्तवृत्तिः, सैव वेला सर्वकार्येषु') तथा ज्योतिषी लोग कभी-कभी डर के मारे अशुभ मुहूर्त को शुभ भी कह देते थे जैसा कि हम चन्द्रापीड़ के सम्बन्ध में देखते हैं। देश में 'महाक्रतु' भी हुआ करते थे। जगह-जगह धर्मार्थ प्याऊ, कुआ, उद्यान और धर्मशाला आदि बनाये जाते थे। निम्न जाति के लोगों की धार्मिक क्रियायें तामसिक हुआ करती थीं। उनमें रुधिर द्वारा 'बलिपूजा' तथा 'पशु-उपहार' प्रचलित था। समाज में छूआछूत था। 'शबरावास' में तोते ने चण्डाल-कन्या के हाथ का भोजन नहीं खाया, फूलमूल ही खाए, वह भी 'प्राण-सन्धारण' हेतु।

हम देखते हैं कि भूषणभट्ट के उत्तर-भाग के घटना-चक्र का आधा भाग किम्पुरुषवर्ष अथवा गन्धर्वलोक में घटित हुआ है। पहले किम्पुरुषवर्ष पुराणों के अनुसार भारतवर्ष से भिन्न ही देश था, जो हिमालय की प्रथम श्रृंखला (Renge) में काश्मीर से लेकर हिमाचल, गढ़वाल, नेपाल और आसाम तक फैला हुआ था। रामायण (उ० का० सर्ग १०१) के अनुसार यह भरत ही थे जिन्होंने सर्वप्रथम आक्रमण करके और जीतकर इसका भारतवर्ष में विलय किया। यहाँ के आदिवासी अप्सरायें, किन्नर, किरात और सिद्ध होते थे, किन्तु विलय के बाद वहाँ भारी संख्या में भारतीय बस गए। अप्सरायें अपने बेजोड़ सौन्दर्य में जग-विख्यात हैं। उनमें उन्मुक्त प्रेम एवं स्वयंवर-विवाह प्रचलित था जैसे कि कादम्बरी के पिता चित्ररथ ने **अस्माकं परस्पराभिरुचि-निष्पन्नो धर्म्यो विवाहः'** कहकर स्पष्ट कर रखा है। किन्तु भारत में विलय के बाद जब दोनों संस्कृतियाँ आपस में मिल गईं तो भारत की एकपति-निष्ठा और सती-प्रथा इनमें भी चल पड़ी। इधर उनका स्वयंवर-विवाह भारत ने भी 'गन्धर्व-विवाह' नाम से अपना लिया। संगीत में गन्धर्व लोग बड़े प्रवीण होते थे। इनके संगीत से भारत इतना प्रभावित हुआ कि संगीत का नाम ही गन्धर्वों के नाम से 'गन्धर्व-विद्या' पड़ गया। वीणा इनका मुख्य वाद्य-यन्त्र होती थी। यह वीणा के साथ गा रही महाश्वेता की गीति ही थी, जिसने चन्द्रापीड़ पर जादू डाला था। इनके यहाँ भी राजत्व-प्रथा थी। धर्म में ये आस्तिक थे और पाप-पुण्य, पर-लोक, शाप आदि में आस्था रखते थे। ये 'शिव-पूजक' थे। अच्छोदसर के किनारे 'अमलमुक्ता-शिला-घटित' मन्दिर कादम्बरी के पिता का ही बनाया हुआ था, जहाँ उन्होंने शिव की 'चतुर्मुख-स्फटिक-मूर्ति' स्थापित कर रखी थी। तपस्या इनके यहाँ भी प्रचलित थी। तारापीड़ **'गन्धर्वलोकोचितानहरह उपचारान् अनिच्छन्'** इस कथनानुसार गन्धर्वों के भारतीयों से भिन्न और भी कितने ही **उपचार**—विधि-विधान—थे, जिनका महाश्वेता और कादम्बरी पालन कर रही थी, तारापीड़ नहीं, किन्तु भूषणभट्ट ने उनका कोई उल्लेख नहीं किया।

—मोहनदेव पन्त

, किन्तु
। नृत्य
ा'—
नरी
दि

कादम्बरी

उत्तरभागः

मङ्गलाचरणम्

देहद्वयार्धघटनारचितं शरीरमेकं ययोरनुपलक्षितसंधिभेदम् ।
वन्दे सुदुर्घटकथापरिशेषसिद्ध्यै सृष्टेर्गुरू गिरिसुतापरमेश्वरौ तौ ॥ १ ॥

"छात्र-तोषिणी" टीका

सरस्वतीं प्रणम्यादौ पाद-पद्मं गुरोस्तथा ।
कादम्बर्युत्तरार्धस्य क्रियते "छात्र-तोषिणी" ॥ १ ॥
न कश्चिद् त्यज्यते शब्दः न च भाव उपेक्ष्यते ।
हस्तामलकितं सर्वं छात्राणां हितकाम्यया ॥ २ ॥

निर्विघ्न-ग्रन्थपरिसमाप्ति-कामो ग्रन्थकारः आदौ मङ्गलमाचरति **देहद्वयेति** ।

अन्वयः—ययोः देह···रचितम् शरीरम् अनुप···भेदम् [सत्] एकम् [अस्ति] सुदुर्घ··· गन्धर्वलो सृष्टेः गुरू गिरिसुतापरमेश्वरौ वन्दे ।

